उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड
**UTTAR PRADESH POLLUTION CONTROL BOARD**

*Ref. No* H 80345 /सी–6/सा0–685/ओ.ए. 433/2022 *Dated* 30.8.22

To,

The Registrar General,
Hon'ble, National Green Tribunal,
Copernicus Marg,
**New Delhi.**

**Sub**: **Regarding submission of Action Taken Report in compliance of the order dated 31.05.2022 in OA no. 433/2022, In the matter of Pateshwari Prasad Singh Vs State of Uttar Pradesh.**

Sir,

Kindly refer the subject mentioned above. In compliance of the order dated 31.05.2022 in OA no. 433/2022, In the matter of Pateshwari Prasad Singh Vs State of Uttar Pradesh, the action taken report is enclosed herewith for your kind perusal and further necessary action.

Sincerely Yours,

**Enclosures: As above**

(R.K. Singh)
**Chief Environment Officer**
**(Circle-6)**

**Copy to: Following for information and further necessary action.**
Shri Pradeep Misra Advocate, Supreme Court, B-235, Sector-XIX, Noida, District-GB Nagar, 201301

**Chief Environment Officer**
**(Circle-6)**

**T.C/12V, Vibhuti Khand Gomti Nagar, Lucknow – 226010**
**Phone: 2720831, 2720828, 2720691 & 2720681 - Fax: 0522 – 2720764**
**Email: info@uppcb.com - Web Site: www.uppcb.com**

**BEFORE THE NATIONAL GREEN TRIBUNAL**
**PRINCIPAL BENCH**

Original Application No. 433/2022
(By Video Conferencing)

Pateshwari Prasad Singh — Applicant

Versus

State of Uttar Pradesh — Respondent

Date of hearing : 31.05.2022

**उपरोक्त वर्णित वाद में मा0 राष्ट्रीय हरित अधिकरण कोर्ट नं0–2, आईटम नं0–6 द्वारा निर्गत आदेश दिनांक– 31–05–2022 में दिये गये निर्देशों की अनुपालन आख्या–**

जनपद–बलरामपुर, उत्तर प्रदेश में सुवांव नदी के निकट निर्माणाधीन सीवेज ट्रीटमेन्ट प्लान्ट एवं कम्यूनिटी सेन्टर से गम्भीर पर्यावरण क्षति न हो, अतः निर्माणाधीन सीवेज ट्रीटमेन्ट प्लान्ट एवं कम्यूनिटी सेन्टर के निर्माण पर रोक लगाने हेतु पर्यावरण वन एवं वन्य जीव संरक्षण समिति, सिविल लाइन, बलरामपुर के माध्यम से पाटेश्वरी प्रसाद सिंह द्वारा "मा0 राष्ट्रीय हरित अधिकरण" के समक्ष शिकायत प्रस्तुत की गई।

मा0 राष्ट्रीय हरित अधिकरण के समक्ष प्रस्तुत आवेदन पत्र पर मा0 अधिकरण द्वारा 04 सप्ताह के अन्तर्गत कार्यस्थल का निरीक्षण कर यथोचित सत्यापन एवं त्वरित उपचारात्मक कार्यवाही हेतु निम्नानुसार समिति गठित किये जाने के निर्देश दिये गये।

1. जिलाधिकारी, बलरामपुर
2. क्षेत्रीय कार्यालय, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मन्त्रालय, भारत सरकार, लखनऊ द्वारा नामित अधिकारी।
   नामित अधिकारी – डा0 ए0 के0 गुप्ता
   एडिशनल डायरेक्टर/साइंटिस्ट, 'ई', क्षेत्रीय कार्यालय,
   पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार,
   केन्द्रीय भवन, पंचमतल, सेक्टर–एच, अलीगंज, लखनऊ।
3. उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड, लखनऊ, द्वारा नामित अधिकारी।
   नामित अधिकारी एवं नोडल – श्री आशुतोष चौहान
   क्षेत्रीय अधिकारी, उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, बस्ती।
4. जल शक्ति मन्त्रालय, भारत सरकार, उ0प्र0, दिल्ली, द्वारा नामित अधिकारी।
   (नामित अधिकारी नहीं)
5. जल शक्ति मन्त्रालय, उ0प्र0, लखनऊ, द्वारा नामित अधिकारी।
   नामित अधिकारी – श्री राकेश कुमार, मुख्य अभियन्ता,
   सरयू परियोजना–द्वितीय, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग,
   उ0प्र0, गोण्डा।

समिति द्वारा दिनांक 17.08.2022 को जनपद–बलरामपुर में प्रश्नगत सुवांव नदी/नाले का स्थलीय निरीक्षण किया गया।

जनपद–बलरामपुर के राजस्व अभिलेखों में प्रश्नगत स्थान निर्माणाधीन एस0टी0पी0 एवं कम्यूनिटी सेन्टर के निकट ग्राम विशुनापुर के विभिन्न गाटों के साथ–साथ गाटा सं0–599, 657, 659 आदि पानी के नाम दर्ज अभिलेख है। कोई भी गाटा नदी के नाम अंकित नहीं है। ग्राम बलरामपुर देहात की गाटा सं0–2371मि0/0.6400 हे0 जो नवीन परती में दर्ज है, पर एस0टी0पी0 निर्माणाधीन है। प्रश्नगत सुवांव नदी उ0प्र0 सिंचाई विभाग के अभिलेखों में गोपियापुर ड्रेन के नाम से अंकित है, यद्यपि स्थानीय निवासियों द्वारा इसे सुवांव नाले के नाम से जाना जाता है। अभिलेखों के अनुसार गोपियापुर ड्रेन की लम्बाई 38.80 किमी0 है, जो ग्राम–गोपियापुर तहसील–बलरामपुर, जनपद–बलरामपुर के गोपियापुरताल से निकलती है। यह ड्रेन गोपियापुर गांव से निकलकर ग्राम–हंसुवाडोल, शेखरपुर, कोयलरा, विशुनापुर, धुसाह, बलरामपुर देहात, सोनार से होते हुए ग्राम–कटरा शंकरनगर/भीखमपुर तहसील–बलरामपुर, जनपद–बलरामपुर के निकट चाँदेताल में मिल जाती है। चाँदेताल से 82.000 किमी. लम्बाई की सुवांव नामक ड्रेन निकलती है, जो ग्राम–रसूलाबाद, तहसील–उतरौला के निकट राप्ती नदी में जाकर मिल जाती है। चाँदेताल के निकट गोपियापुर ड्रेन का हेड डिस्चार्ज 568 क्यूसेक है। **(लाईन डाइग्राम–एनेक्सर–1)**

गोपियापुर ड्रेन के चैनेज किमी. 18.200 के निकट बायें किनारे (Lat27°25'48",Long82°10'02") पर उ0प्र0 जल निगम द्वारा 8.5 एम0एल0डी0 क्षमता का सीवेज ट्रीटमेन्ट प्लान्ट एवं नगरपालिका, बलरामपुर के लिए सद्भावना मण्डल (कम्यूनिटी सेन्टर) निर्माणाधीन है। इस स्थान पर ड्रेन का डिजाइन डिस्चार्ज 450 क्यूसेक है तथा डिजाइन बेड की चौड़ाई 20 मी0 है। निर्माणाधीन एस0टी0पी0 के निकट नाले के बेड की चौड़ाई की मापी करायी गयी, जो 22.30 मी0 है।

फ्लड प्लेन जोन का निर्धारण प्रायः नदियों में परिकल्पित होता है, चूंकि विभागीय अभिलेखों मे प्रश्नगत सुवांव नदी गोपियापुर ड्रेन/नाला है, अतः प्रश्नगत स्थान पर गोपियापुर ड्रेन/नाला होने के कारण विभागीय अभिलेखों में नाले का फ्लड प्लेन.जोन निर्धारित नहीं है।

गोपियापुर ड्रेन के चैनेज किमी. 18.200 के बायें किनारे पर गाटा सं0–2371 मि0 /0.6400 हे0 जो नवीन परती में दर्ज है, इस गाटे में करीब 0. 4881 हेक्टेयर (औसतन आकार 31X157 वर्ग मीटर) भूमि एस0टी0पी0 के निर्माण हेतु अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, उ0प्र0, जल निगम, बलरामपुर हेतु उपजिलाधिकारी, सदर बलरामपुर द्वारा चिन्हित भूमि में उ0प्र0 जल निगम द्वारा एस0टी0पी0 निर्माणाधीन है एवं करीब 0.112 हेक्टेयर भूमि में (औसतन आकार 32x35 वर्ग मीटर) नगरपालिका, बलरामपुर के लिए यू0पी0सी0एल0डी0एफ0 द्वारा सद्भावना मण्डल (कम्यूनिटी सेन्टर) निर्माणाधीन है। राजस्व अभिलेखों के अनुसार एवं कार्यस्थल पर सांई चौक से जिलाधिकारी कार्यालय तक जाने वाला मार्ग गोपियापुर ड्रेन के निकट निर्माणाधीन एस0टी0पी0 एवं कम्यूनिटी सेन्टर के निकट से निकलता है।

आज दिनांक 17.08.2022 को निरीक्षण के समय कार्यस्थल पर निर्माण कार्य बन्द था। निरीक्षण के समय कार्यस्थल पर उपस्थित मो0 जियाउल हक, अधिशासी अभियन्ता एवं श्री उत्कर्ष श्रीवास्तव, सहायक अभियन्ता, निर्माण खण्ड, उ0प्र0, जल निगम, बलरामपुर द्वारा अवगत कराया गया कि *"मा0 राष्ट्रीय हरित अधिकरण"* द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में कार्यस्थल पर कार्य विगत दिनों से बन्द है। एस0टी0पी0 का करीब 40 प्रतिशत कार्य कार्यस्थल पर पूर्ण कर लिया गया है **(फोटो संलग्न, एनेक्सर–2)।**

कार्यस्थल पर एस0टी0पी0 के निर्माण हेतु राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड एवं अन्य विभाग से स्थापन हेतु सहमति (Consent to Establishment) नहीं ली गई है।

कार्यस्थल पर एक बोर वेल पाया गया, बोर वेल हेतु भू–गर्भ जल विभाग से वांछित अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त नहीं किया गया।

अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, उ0प्र0, जल निगम, बलरामपुर द्वारा अवगत कराया गया कि एस0टी0पी0 के निर्माण हेतु प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड एवं भू–गर्भ जल विभाग से अनापत्ति प्रमाण–पत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन कर दिया गया है।

27/08/22

(आशुतोष चौहान)
क्षेत्रीय अधिकारी,
उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड,
बस्ती।

(डा0 ए0 के0 गुप्ता)
एडिशनल डायरेक्टर / साइंटिस्ट, 'ई',
क्षे0 पर्या0 वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय,
भारत सरकार,
केन्द्रीय भवन, अलीगंज, लखनऊ।

27/08


(राकेश कुमार)
मुख्य अभियन्ता,
सरयू परियोजना–द्वितीय,
सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग,
उ0प्र0, गोण्डा।

27.08.22


(डा0 महेन्द्र कुमार)
जिलाधिकारी, बलरामपुर

(Annexure-1)

## T-DIAGRAM OF SUWAWAN/GOPIYAPUR TRUNK DRAIN



(Anexure-2)



समिति द्वारा स्थलीय निरीक्षण
दिनांकः– 17.08.2022




निर्माणाधीन एस०टी०पी० एवं कम्यूनिटी सेन्टर
जनपद–बलरामपुर